हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 7 मार्च 2026

04 बच्चों और युवाओं ने जमकर खेली होली, रंग...



07 गर्मी की दस्तक के साथ आग का कहर, तीन...





# सौगात: भारत का पहला प्रमाणित हिल स्टेशन बना पचमढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/पचमढ़ी

मप्र के एकमात्र प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र में एक नई पहचान मिली है। जर्मनी के बर्लिन में आयोजित 'आईटीबी बर्लिन ट्रैवल मार्ट' में प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी को प्रतिष्ठित 'ग्रीन डेस्टिनेशंस ब्रॉन्ज' सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। यह प्रमाणन नीदरलैंड स्थित 'ग्रीन डेस्टिनेशंस फाउंडेशन' द्वारा प्रदान किया जाता है, जो 'ग्लोबल सस्टेनेबल टूरिज्म काउंसिल' से मान्यता प्राप्त संस्था है।

## मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन का सुखद परिणाम: पर्यटन मंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजनरी नेतृत्व और प्रदेश में 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म' को बढ़ावा देने के प्रयासों के फलस्वरूप मध्य प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश पर्यटन नित नई ऊँचाइयों को छू रहा है। पचमढ़ी को मिला यह 'ग्रीन डेस्टिनेशन ब्रॉन्ज' सर्टिफिकेट इस बात का प्रमाण है कि हम पर्यटन विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय संस्कृति को सहेजने में भी अग्रणी हैं। यह उपलब्धि पचमढ़ी को वैश्विक स्तर पर एक 'सस्टेनेबल टूरिज्म डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित करेगी, जिससे यहां अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।




## पचमढ़ी बनेगा अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल- प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी

प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी ने कहा कि यह सम्मान पचमढ़ी में विरासत संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा और जलवायु संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की वैश्विक पहचान है। इस उपलब्धि के साथ ही अब पचमढ़ी देश के अन्य पहाड़ी पर्यटन स्थलों और इको-टूरिज्म साइट्स के लिए एक 'रेप्लिकेबल मॉडल' (अनुकरणीय मॉडल) के रूप में उभरा है। यह मान्यता प्रदेश में 'रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म' को और अधिक सशक्त बनाएगी।

## स्थिरता-पर्यावरण संरक्षण का वैश्विक मानक

'ग्रीन डेस्टिनेशंस' अंतरराष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिष्ठित प्रमाणन कार्यक्रम है, जो आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता के तीन मुख्य स्तंभों पर केंद्रित है।

### कठोर परीक्षण में मिली सफलता

पचमढ़ी का चयन अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित एक अत्यंत जटिल और सूक्ष्म मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद किया गया। इसके तहत डेस्टिनेशन मैनेजमेंट, प्रकृति एवं परिदृश्य, पर्यावरण और जलवायु, संस्कृति एवं परंपरा, सामाजिक कल्याण और व्यापारिक संचार जैसे 6 प्रमुख विषयों के 75 कड़े मापदंडों पर पचमढ़ी का परीक्षण किया गया। मूल्यांकन में पचमढ़ी ने 10 में से 6.5 का स्कोर और 40 प्रतिशत का जीएसटीसी अनुपालन स्तर हासिल किया।

### पर्यटन बोर्ड के प्रयासों का परिणाम

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड (**MPTB**) द्वारा इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। इस परियोजना के तहत नवंबर 2025 में पचमढ़ी में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई थी, जिसके बाद व्यापक फील्ड वर्क, डेटा कलेक्शन और दस्तावेजीकरण किया गया। फरवरी 2026 में अंतरराष्ट्रीय ऑडिटर द्वारा ऑन-साइट ऑडिट के बाद इस उपलब्धि पर मुहर लगी।

# निरीक्षण पर पहुंचे सीईओ दो को नोटिस जारी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कार्य में लापरवाही बरतने वाले व अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर का प्रशासनिक कसावट तेज हो गई है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन औचक निरीक्षण पर पहुंचे। जहां उन्होंने जिला मुख्यालय पर स्थित विभागों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मत्स्य एवं पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के दो कर्मचारी अपनी सीट पर उपस्थित नहीं पाए गए। सीईओ जैन द्वारा कुछ समय प्रतीक्षा करने के बाद कार्यालय के अन्य कर्मचारियों से अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी ली एवं ड्यूटी समय में गैरहाजिर पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किए गए। सीईओ हिमांशु जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी शासन के निर्देश अनुसार दी गई समयावधि पर कार्यालय में उपस्थित रहें और कार्य में लापरवाही न बरतें। उन्होंने बायोमेट्रिक मशीन की स्थिति एवं उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था की जानकारी भी मांगी। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान अन्य विभागों में भी सीईओ के निरीक्षण की चर्चा रही।

## स्ट्रा रीपर मैनेजमेंट के बगैर हार्वेस्टर संचालन पर प्रतिबंध रहेगा

# नरवाई की आग से फसलों को बचाने अफसर जागरूक कर रहे

नरवाई प्रबंधन और किसानों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर/इटारसी

सोहागपुर जपं सभागार में नरवाई प्रबंधन, रोकथाम एवं किसानों में जागरूकता विषयों पर प्रशिक्षण व बैठक का आयोजन गत दिवस किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल एवं एसडीएम प्रियंका भल्लावी उपस्थित थे। प्रतिवर्ष ग्रीष्मकाल में गेहूं कटाई दौरान नरवाई जलाने से किसानों व पर्यावरण को बहुत क्षति होती है। कई बार खड़ी फसलों में नरवाई की आग पहुंचने से उपज की बहुत बड़ी मात्रा का नुकसान होता है। शासन-प्रशासन नरवाई जलाने पर रोक लगाने व इसके उचित प्रबंधन को लेकर सतर्क हैं। जागरूकता अभियान संचालित किये जाते हैं। इसी क्रम में जपं सभागार में नरवाई प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि आगामी गेहूं कटाई के बाद नरवाई जलाने पर प्रशासन कड़ा रुख अपनाएगा। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से रोकने के लिए




ग्राम स्तर पर नरवाई प्रबंधन गश्ती दल गठित किये जाएंगे। यह दल निगरानी करेगा और नरवाई जलाने पर आवश्यक कार्यवाही करेगा। इसके अंतर्गत यह दल अगले 10 दिनों में नरवाई प्रबंधन पाठशाला का आयोजन कर कृषकों को जागरूक करेगा। इसके बाद भी नरवाई जलाने वालों पर जुर्माना एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र पटेल, एसएडीओ सुनील कुमार बर्डे, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारियों तथा मैदानी कर्मचारियों सहित कस्टम हाईरिंग केंद्र संचालक एवं हार्वेस्टर संचालक उपास्थित थे।

### दीवार लेखन व मुनादी कराओ

एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत मैदानी शासकीय कर्मियों को आदेशित किया है कि नरवाई प्रबंधन के सकारात्मक संदेश ग्रामीण क्षेत्र में दीवारों पर लिखवाया जाएं। तथा प्रत्येक ग्राम में मुनादी भी कराई जाए, ताकि किसान नरवाई ना जलाने को लेकर जागरूक हों व नरवाई का उचित प्रबंधन किया जा सके। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सहित इलेक्ट्रॉनिक तथा प्रिंट मीडिया के माध्यम से कृषकों को जागरूक किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में नरवाई प्रबंधन संबंधी कृषि यंत्रो के लिए कस्टम हाईरिंग केन्द्रों की सूची चस्पा की जाए। जानकारी अनुसार सोहागपुर अनुभाग में इस तरह के नौ केंद्र हैं। जहां से नरवाई प्रबंधन यंत्र किसान प्राप्त कर सकते हैं।

### हार्वेस्टर संचालन के नियम

बैठक में बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में हार्वेस्टर संचालक सूची भी चस्पा की जाएगी। एसडीएम ने आदेश दिये हैं कि सोहागपुर अनुभाग में स्ट्रा रीपर मैनेजमेंट के बगैर हार्वेस्टर संचालन प्रतिबंधित रहेगा। वहीं ग्राम पंचायतों में शासकीय भूमि का चयनकर भूसा संग्रह किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों को नरवाई प्रबंधन एंबेसेडर बनाया जाएगा। ये सभी एंबेसेडर अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों को ग्रीन पंचायत बनाने में सहयोग करेंगे। इन एंबेसेडर में जिपं सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, उप सरपंच और पंच शामिल रहेंगे। प्रशासन ने जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे नरवाई के उचित प्रबंधन अभियान को मैदानी रूप से परिणामजनक तथा सफल बनाने में सहयोग करें।

### इटारसी में आयोजित हुई बैठक

इटारसी अनुविभाग अंतर्गत सभी 13 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं पटवारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नरवाई प्रबंधन के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए। एसडीएम निलेश शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि नरवाई नहीं जलाने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में नरवाई प्रबंधन समितियों का गठन कर उनकी नियमित बैठकें एवं रात्रि चौपाल आयोजित की जाएं, ताकि किसानों को जागरूक कर इस अभियान को प्रभावी बनाया जा सके। ग्राम पंचायत क्षेत्र में संचालित हार्वेस्टर एवं भूसा मशीनों की प्रतिदिन की जानकारी पंजी में संधारित कर ग्राम पंचायत स्तर पर रखी जाए तथा संबंधित जानकारी समूह के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों तक नियमित रूप से प्रेषित की जाए। सुरक्षा की दृष्टि से भूसा मशीनों के साथ पानी से भरे केन रखना अनिवार्य किया गया है। साथ ही किसानों के पास उपलब्ध स्प्रे पंप पानी की पूर्ण टंकी सहित मशीनों के साथ तैयार रखने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायतों में उपलब्ध वाटर टैंकर एवं फायर फाइटर पंप भी आपात स्थिति हेतु सदैव तैयार रखने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अधिकतम ग्रामों को "ग्रीन विलेज" घोषित कराने हेतु आवश्यक सभी कार्यवाहियां कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के समन्वित प्रयासों से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने सुनाया फैसला

# एसबीआई को ऋण चुकाने चेक दिया अनादरित, दोषी को सजा-मय ब्याज राशि भुगतान का दंडादेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

वर्ष 2023 में भारतीय स्टेट बैंक एक व्यक्ति को लोन देने के बदले दिए गए चेक के अनादरित होने के मामले में आरोपी के विरुद्ध फैसला सुनाया गया है। यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सोहागपुर तेज़दीप सिंह सासन द्वारा दिया गया है। मामले में बैंक पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं जयप्रकाश माहेश्वरी, सतीश नामदेव एवं संदीप रघुवंशी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिपरिया रोड सोहागपुर में मेसर्स भाई वेल्डिंग वर्कशॉप के प्रोपराइटर इमरान खान पुत्र अयूब खान ने सीसी लिमिट लोन का आवेदन दिया था। बैंक की शर्तों के तहत सात लाख रुपए का ऋण 17 मार्च 2023 को परिवादी बैंक द्वारा स्वीकृत किया गया। आरोपी को ऋण राशि नियमित अदा करनी थी। आरोपी ने बैंक से प्राप्त ऋण की अदायगी शुरू से ही समय पर नहीं की। जिसके कारण वर्तमान में आरोपी पर परिवादी बैंक का सात लाख 30 हजार 911 रुपए एवं ब्याज लेना बाकी निकलता है। ऋण के लिए परिवादी बैंक ने आरोपी से बार-बार निवेदन किया। इसके बाद आरोपी ने परिवादी बैंक को 24 नवंबर 2023 को केनरा बैंक सोहागपुर में स्वयं के खाते का 7 लाख 30 हजार 911 का एक चेक दिया। उक्त चेक परिवादी बैंक भारतीय स्टेट बैंक सोहागपुर में 28 सितंबर 2023 को भुगतान के लिए प्रस्तुत किया। 30 नवंबर 2023 को परिवादी बैंक प्रबंधक को ज्ञात हुआ कि आरोपी के खाते में उक्त चेक राशि भुगतान के लिए पर्याप्त राशि नहीं है। बावजूद इसके जानबूझकर व बेईमानी पूर्वक परिवादी को धोखा देते हुए उक्त चेक आरोपी द्वारा प्रदान किया गया। बैंक के अधिवक्ता जयप्रकाश माहेश्वरी ने कहा कि अभियुक्त का यह कार्य पराक्रम्य लिखित अधिनियम की धारा 138 के तहत दंडनीय श्रेणी में आता है। परिवादी बैंक ने आरोपी को 11 दिसंबर 2023 को पंजीकृत डाक से अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा जो 12 दिसंबर 2023 को आरोपी को प्राप्त हुआ। लेकिन इसके बाद भी आरोपी ने 15 दिवस के अंदर परिवादी को चेक में वर्णित राशि अर्थात सात लाख 30 हजार 911 रुपये का भुगतान नहीं किया। इसके बाद शाखा प्रबंधक राघवेंद्र राजपूत द्वारा तय समय सीमा में परिवार पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में सुनवाई उपरांत न्यायालय ने अभियुक्त इमरान खान आत्मज अयूब खान निवासी किलापुरा वार्ड सोहागपुर को पराक्रम्य लिखित अधिनियम की धारा 138 के तहत सजा सुनाई है।

### कारावास का उल्लेख

अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय ने छह माह के साधारण कारावास का दंडादेश सुनाया है। वहीं चेक की राशि सात लाख 30 हजार 911 रुपये पर एक लाख 49 हजार 106 रुपये ब्याज की राशि चुकाने का भी दंड सुनाया गया है। इस तरह अभियुक्त द्वारा परिवादी बैंक को आठ लाख 80 हजार 17 रुपये चुकाने होंगे। दंडादेश अनुसार अभियुक्त द्वारा यदि प्रतिकर राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो एक माह का साधारण कारावास भी भुगतना होगा। न्यायालय ने अभियुक्त को अभिरक्षा में लेते हुए सजा वारंट बनाकर पिपरिया उपजेल भेजने के निर्देश दिए हैं।

## पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह का शुभारंभ 9 से



**नर्मदापुरम।** स्थानीय सत्संग चौक, सेठानी घाट पर सोमवार से पांच दिवसीय पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह का शुभारंभ होने जा रहा है। इस समारोह के 49वें वर्ष में भागलपुर(बिहार) से मानस कोकिला कृष्णा देवी मिश्रा प्रवचन हेतु पधार रहीं है। इस वर्ष आपके प्रवचन का केंद्रीय विषय विभीषण शरणागति है जिस पर आप अपने पांच दिवसीय प्रवचनों को केन्द्रीत होगें। अपनी मधुर वाणी में मानस की चौपाइयां एवं भजनों के सर मधुर गायन के माध्यम से आप नगर के धर्म प्रेमियों के मध्य अपना विशिष्ट स्थान रखती हैं आपके द्वारा कार्यक्रम के अंत में गाए जाने वाला चयन पद नर्मदा पुरम के धर्म प्रेमियों में अत्यंत लोकप्रिय है नर्मदा पुरम वासियों के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि रामचरितमानस की ऐसी सुविख्यात व्याख्याकार प्रवचन हेतु पधार रही हैं आयोजन समिति के सचिव प्रशांत मुन्नू दुबे द्वारा बताया गया कि समारोह से जुड़ी समस्त तैयारियां पूर्ण हो चुकी है कार्यक्रम की शुरुआत सुर वाणी और वीणा पाणी संस्था के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति से की जावेगी कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 7:30 से प्रारंभ होगा समारोह समिति द्वारा शहर के धर्म प्रेमियों से इस अवसर का अधिकाधिक लाभ लेने का अनुरोध किया गया है।

## जनगणना 2027 जिला स्तरीय प्रशिक्षण 11 को

**नर्मदापुरम।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रदेश में 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में निर्धारित समय सीमा में संपादित किया जाएगा। उक्त परिप्रेक्ष्य में जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 11 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमएमएस पोर्टल पर हैंड्स-ऑन अभ्यास भी कराया जाएगा।

## आत्मरक्षा एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा



**माखननगर।** पंचायत माना गांव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 6 मार्च से 8 मार्च 2026 तक मनाया जाएगा। जिसमें सरपंच नरेंद्र मालवीय, जनपद सदस्य सुषमा मालवीय, महिला बाल विकास सुपरवाइजर कृष्णा तिवारी, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम की महिलाएं उपस्थिति रही। जिसमें महिलाओं को आत्मरक्षा तथा सुरक्षा जागरूकता के बारे में बताया गया बस साथ में शपथ ग्रहण कराई गई।

## आईटीआई नर्मदापुरम के प्रभारी प्राचार्य हटाए गए

**नर्मदापुरम।** आईटीआई की प्रभारी प्राचार्य संजय टेकाम को शिकायत के आधार पर हटा दिया गया। उनके स्थान पर व्यवसाय ट्रेक्टर मैकेनिक प्रशिक्षण अधिकारी जानिक मरकाम को संस्था के प्रभारी प्राचार्य का दायित्व आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से सौंपा गया है। विदित हो कि अभाविप की नर्मदापुरम इकाई ने नगर मंत्री दिव्यांस शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त संचालक कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के नाम 12 फरवरी को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें उन्होंने विरोध स्वरूप आईटीआई में प्राचार्य की कुर्सी लापता के पोस्टर लगाकर अनोखा प्रदर्शन किया था। इस आंदोलन के बाद प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए प्रभारी प्राचार्य संजय टेकाम को पद से हटा दिया। यह अभाविप की बड़ी जीत मानी जा रही है।

## 11 मार्च को कमिश्नर समीक्षा बैठक लेंगे

**नर्मदापुरम।** संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी बुधवार 11 मार्च को प्रातः 10:30 बजे से आयुक्त सभा कक्ष में मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम, मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मप्र हाउसिंग बोर्ड गृह निर्माण मंडल, मप्र क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड आदि शामिल हैं।

## 41 बालिकाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# सशक्तीकरण की ओर बढ़ती बेटी और महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नारी हर क्षेत्र में अग्रणि की थीम पर इस बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 10 मार्च तक जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना इटारसी के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। जीवोदय संस्था इटारसी में आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्पोर्ट्स कौशल विकास नर्मदापुरम की आरती शर्मा के सहयोग से सेल्फ डिफेन्स का




प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को विभिन्न परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कैसे करें, इसके बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही मार्शल आर्ट का प्रदर्शन कर आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण में जीवोदय बालिका गृह तथा आंगनबाड़ी क्षेत्र की बाल सुरक्षा समिति की बालिकाओं सहित कुल 41 बालिकाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को सतर्कता और आत्मविश्वास के महत्व के बारे में भी बताया गया तथा "सतर्कता ही सुरक्षा है" का संदेश दिया गया।

इसी के साथ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. आर.के. चौधरी के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी इटारसी में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही लैब से संबंधित कुल 162 हितग्राहियों की जांच भी निःशुल्क कराई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. शंभवी पालीवाल, डॉ. शिल्पा साहू, एएनएम महिमा लाल सिंह, लक्ष्मी सोनी, श्रुति विक्टर, सुलेखा, ऑपरेटर मंजुला, रचना, मालती, बबीता, रितु पटेल तथा नीलमणि चौधरी (आशा कार्यकर्ता) शामिल रहीं। कार्यक्रम में प्रभारी परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट का उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें शारीरिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक अर्चना बस्तावर, रेखा चौरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, स्थानीय नागरिक, छात्राएं तथा अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जीवोदय संस्था की ओर से सिस्टर क्लारा, पीटर लासदो, सिस्टर प्रमिला, सिस्टर ज्योति, मोनिका गोस्वामी एवं भूरेलाल धुर्वे सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# सनातन संस्कृति को समर्पित कैलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनातन वर्ष चैत्र प्रतिपदा के पूर्व समेरिटंस विद्यालय परिवार द्वारा सनातन काल पत्रक यानी कैलेंडर का प्रकाशन किया गया है। इसका विमोचन शुक्रवार को एनएमवी के प्राचार्य डॉ राम मोहन चौकसे ने किया। ज्ञात रहे कि सनातन संस्कृति के संवर्धन के लिए सतत प्रयासरत समेरिटंस ग्रुप के संचालक डॉ आशुतोष शर्मा द्वारा लगातार तृतीय वर्ष कैलेंडर का प्रकाशन कराया गया है।

इस अवसर पर डॉ चौकसे ने कहा कि डॉ शर्मा का प्रयास और संकल्प निश्चित रूप से प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। जो कार्य करने के लिए सरकार अब योजना बना रही है, वही कार्य समेरिटंस ग्रुप वर्षों से करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर पूर्णतः सनातन की अवधारणा को साकार करता है। यह तिथियों, सनातनी माह और नक्षत्रों पर आधारित है। इस कार्य में संलग्न सभी को बहुत बहुत शुभकामनाएं। कैलेंडर के प्रकाशन की प्रक्रिया से जुड़े साहित्यकार प्रमोद शर्मा ने कहा कि संभवतः यह एकमात्र ऐसा कैलेंडर है, जो तिथियों और भारतीय गणना पर आधारित है। कैलेंडर का आरम्भ चैत्र प्रतिपदा से होगा, जबकि वर्ष का अंत सालभर बाद चैत्र माह की अमावस्या को होगा। सनातनी नया वर्ष 19 मार्च को आरंभ हो रहा है। यह कार्य डॉ शर्मा की सनातन के प्रति निष्ठा और उनके दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। कार्यक्रम का संचालन आर्ट शिक्षक राजेश व्यास ने किया जबकि आभार प्राचार्य प्रेरणा रावत ने व्यक्त किया। विमोचन समारोह में प्राचार्य रावत, विक्रांत खम्परिया, राजेंद्र रघुवंशी, चंदन मंडल, सचिन खम्परिया, मुकेश भादोरिया सहित शिक्षकगण और बच्चे उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सवर्ण समाज बैतूल जिला के संयोजक मंडल बैठक संपन्न

**बैतूल।** सवर्ण समाज बैतूल जिला के संयोजक मंडल की बैठक 6 मार्च आयोजित की गई। बैठक में यूजीसी के काले कानून का संपूर्ण समाज ने विरोध किया और निर्णय लिया कि आज 7 मार्च को दत्त मंदिर सिविल लाइन में शाम 5 बजे सवर्ण समाज के अधिक से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। बैठक में आह्वान किया कि यूजीसी काले कानून के विरोध में 9 मार्च को 12 बजे से बैतूल में धरना, प्रदर्शन, ज्ञापन एवं विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के सभी तहसीलों और ग्रामों से नगरों से सवर्ण समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए शिवाजी ऑडिटोरियम में सुबह 11 से 12 तक एकत्रित होना है। 12 से रैली के रूप में मुल्ला पेट्रोल पंप, बस स्टैंड, लाली चौक से दादाजी के घर के सामने बाजार चौक से सीमेंट रोड से लाली चौक से कलेक्ट्रेट बैतूल पहुंचकर ज्ञापन दिया जायेगा। उद्योग विभाग के सामने बैठक के रूप में प्रदर्शन होगा और यूजीसी काले कानून के बारे में विस्तार से बताया जाएगा कि इस कानून से सवर्ण समाज को क्या नुकसान उठाना पड़ेगा और आगामी रणनीति क्या होगी, उसके बारे में चर्चा की जाएगी। ज्ञापन के बाद यूजीसी कानून का विरोध बड़े रूप में होगा और आंदोलन में किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसके लिए सवर्ण समाज जिम्मेदार नहीं होगा। बैठक के अंत में पुनः संयोजक मंडल ने सवर्ण समाज से आग्रह किया है कि जिले भर से यूजीसी कानून का विरोध करने वाले एकत्रित होकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे और कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

### 10वीं के 19136 विद्यार्थियों ने 127 केंद्रों पर दी परीक्षा

**बैतूल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत शुक्रवार को जिले में कक्षा 10वीं का हिंदी विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 10वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 127 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 19659 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 19 हजार 136 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 523 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 23 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को कक्षा 12वीं के हिंदी विषय की परीक्षा 110 केंद्रों पर आयोजित होगी।

### जिले में खाद, बीज और कीटनाशक की पर्याप्त व्यवस्था

**बैतूल।** बैतूल जिले में रबी वर्ष 2025-26 के लिए किसानों को आवश्यक बीज और उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। जिले में गेहूं, चना, मसूर, सरसों सहित विभिन्न फसलों के बीजों की पर्याप्त उपलब्धता कराई गई है, जिससे किसानों को समय पर बीज मिल सके। जिले में कुल 26585 क्विंटल बीज की मांग के मुकाबले 33435 क्विंटल बीज उपलब्ध कराए गए हैं और 32201 क्विंटल बीज का वितरण भी किया जा चुका है। इसमें निजी और सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किसानों तक बीज पहुंचाया गया है। वहीं रबी सीजन के लिए उर्वरकों की भी पर्याप्त व्यवस्था रही। जिले में यूरिया, डीएपी, एसएसपी, एमओपी और कॉम्प्लेक्स उर्वरकों का कुल 110706 मे0 टन भंडारण किया गया है, जिसमें से 89463 मे. टन उर्वरक किसानों को वितरित किए जा चुका हैं। किसानों को खेती के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और आवश्यकतानुसार बीज व उर्वरकों की आपूर्ति जारी रखी जा रही है। वर्तमान जायद मौसम 2026 में 19400 हे. क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन फसलें जैसे मूंगफली, मूंग, उड़द एवं मक्का, बुआई का कार्यक्रम लिया जा रहा है। वर्तमान समय तक लगभग 500 हे. क्षेत्र में मूंगफली, मूंग, उड़द एवं मक्का की बुआई किसानों द्वारा की गई है।

## जिलेभर में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मना होली पर्व

# बच्चों और युवाओं ने जमकर खेली होली, रंग-भंग व तरंग की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

होली के बाद धुलेंडी पर्व पर जिले भर में लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस बार चंद्रग्रहण के कारण धुलेंडी एक दिन देरी से मनाई गई। कुछ स्थानों पर होलिका दहन मंगलवार रात को हुआ, जबकि कुछ जगह सोमवार रात को भी दहन किया गया था। रंगों के पर्व को लेकर बड़े लोगों में ज्यादा उत्साह नहीं देखा गया। उन्होंने गुलाल से होली मनाई, जबकि युवा एवं बच्चों ने एक-दूसरे पर जमकर रंग बरसाया। रंगों की मस्ती में हर कोई झूमता नजर आया। उत्साह, उमंग और उल्लास के इस पर्व का लोगों ने जमकर आनंद उठाया। टोलियां बनाकर जहां युवाओं ने हुल्लड़ मस्ती की, वहीं महिलाएं-युवतियां और बच्चों ने भी होली के रंगों का जमकर लुत्फ उठाया। इससे पूर्व होली समितियों द्वारा होलिका दहन किया गया।



### सूखे रंग रही पहली पसंद

होली में सबसे ज्यादा सूखे रंग लोगों की पसंद रही, वहीं रासायनिक रंगों से लोगों को परहेज करते देखा गया। बुजूर्ग-युवाओं और बच्चों ने गुलाल और हर्बल रंगों से होली मनाई। इसके साथ ही काफी हद तक पानी की भी बचत की। हालांकि हुलियारों ने पहले से ही होली की तैयारी कर रखी थी। बच्चों और बड़ो के अलावा महिलाओं और युवतियों ने भी धुरेंडी पर एक-दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई।

### बच्चों ने खूब खेली होली

रंग-बिरंगे रंगों के पर्व होली को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह और उमंग का माहौल छोटे-छोटे बच्चों में देखा गया। पिचकारी में रंग भरकर बच्चे एक-दूसरे को लगा रहे थे। पिचकारी में रंग भरकर बच्चे अपने दोस्तों को लगाने के लिए एक-दूसरे के पीछे भागते नजर आए। बच्चों में होली का उत्साह देखते ही बन रहा था। इसके साथ ही म्यूजिक पर बच्चे खूब नाचे और होली मनाई।

### रंग-भंग, ठंडाई और तरंग की रही धूम

होली पर्व पर रंग-भंग और तरंग की खूब धूम रही। लोगों ने जहां जमकर रंग खेला, वहीं भंग, ठंडाई भी चखी और बैंड-बाजे की धुन पर जमकर थिरके। जगह-जगह युवाओं की टोली नाचते और झूमते नजर आई। होली के पर्व पर युवाओं ने विशेष तैयारियां कर रखी थी। इसके साथ ही युवाओं ने बड़े बुजूर्गो के साथ भी होली खेली। बड़े-बुजुर्गों को गुलाल का तिलक लगाकर आशीर्वाद लिया।

### परीक्षार्थी रहे रंगों से दूर

रंगों के इस पर्व से परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों ने परहेज की। दरअसल परीक्षा शुरू होने से विद्यार्थी रंगों से दूर नजर आए। वहीं बच्चों और बुजुर्गों ने जमकर होली का लुत्फ उठाया, तो दूसरी तरफ बोर्ड परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों के हाथों में रंगों की जगह पुस्तके नजर आई। विद्यार्थी इस पर्व का लुत्फ उठाने के लिए बेहद उत्सुक नजर तो आए लेकिन परीक्षा के कारण वे दूर ही रहे।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

त्योहार को शांतिपूर्ण बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने शहर में कड़े इंतजाम किए थे। 40 स्थानों पर फिक्स पिकेट्स बनाकर पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही 9 मोबाइल यूनिट लगातार गश्त कर रही थीं, ताकि तेज रफ्तार वाहन चलाने या हुड़दंग करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। सुबह के समय माहौल शांत रहा, लेकिन दोपहर होते-होते लोग समूहों में सडक़ों पर निकल आए। गीत-संगीत और नाच-गाने के साथ लोगों ने जमकर त्योहार का आनंद लिया। इस बार चंद्रग्रहण के कारण धुरेंडी एक दिन देरी से मनाई गई। कुछ स्थानों पर होलिका दहन मंगलवार रात को हुआ, जबकि कुछ जगह सोमवार रात को भी दहन किया गया था। कुल मिलाकर, बैतूल में धुरेंडी का त्योहार खुशी, उत्साह और भाईचारे के माहौल में संपन्न हुआ।

## धुरेंडी पर रंगों के सैलाब के साथ राजनीतिक मिलन समारोह



**बैतूल।** बुधवार को जिलेभर में धुरेंडी के पावन पर्व पर रंगों के सैलाब के साथ साथ राजनीतिक मिलन समारोह भी चलता रहा। जिले के प्रमुख राजनेताओं ,जनप्रतिनिधियों के साथ ही समाजसेवकों ने भी लोगो के बीच पहुंचकर त्यौहार की खुशियां साझा की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और विधायक हेमंत खंडेलवाल ने विजय सेवा न्यास कार्यालय में कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, गणमान्यों को गुलाल लगाकर बधाई दी। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उईके, मप्र जनअभियान परिषद मोहन नागर, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व विधायक निलय डागा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवांर, कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी, एसडीएम बैतूल अभिजीत सिंह ने समर्थकों, कार्यकर्ताओं और आमजन के बीच पहुंचकर होली मिलन समारोह में जमकर रंग-गुलाल उड़ाया।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

# बेटे ने मां की गला दबाकर की हत्या, गर्दन की हड्डी टूटी मिली



**बैतूल।** रंगों के त्योहार के बीच बैतूल जिले के साईंखेड़ा थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सेमझिरा गांव में एक बेटे ने अपनी ही मां की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई और लोगों में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार सेमझिरा गांव की रहने वाली गेंदीबाई बाघमारे (70) अपने बेटे लखन बाघमारे (35) के साथ रहती थीं। बताया जा रहा है कि लखन का स्वभाव झगड़ालू था और वह अक्सर घर में विवाद करता रहता था। घरेलू कलह के कारण उसकी पत्नी भी बच्चों को लेकर पहले ही मायके चली गई थी। जानकारी के मुताबिक 2 मार्च की रात मां-बेटे के बीच फिर से विवाद हुआ। पड़ोसियों ने दोनों के बीच झगड़े की आवाजें भी सुनी थीं, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह विवाद इतना गंभीर रूप ले लेगा। आरोप है कि गुस्से में आकर लखन ने अपनी मां का गला दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। शुरुआत में महिला की मौत सामान्य लग रही थी, लेकिन घटना संदिग्ध होने के कारण पुलिस ने जांच शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि महिला की मौत गला दबाने से हुई है और उनकी गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई पाई गई। इसके बाद पुलिस ने पड़ोसियों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान सामने आया कि घटना की रात मां-बेटे के बीच झगड़ा हुआ था। इसी आधार पर पुलिस ने लखन से पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। थाना प्रभारी राजन उईके ने बताया कि आरोपी लखन अक्सर पत्नी और बच्चों के साथ भी मारपीट करता था। घरेलू विवाद के चलते उसकी पत्नी पहले ही मायके चली गई थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत



**बैतूल।** बोरदेही थाना क्षेत्र के टापरवाणी गांव में एक महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मृतका की पहचान 39 वर्षीय प्रमिला पति शम्मूलाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 4 मार्च को प्रमिला और उनके पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके अगले दिन, 5 मार्च की दोपहर को महिला ने कथित तौर पर जहर खा लिया। तबीयत बिगडने पर परिजनों ने उसे बोरदेही से जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को जिला अस्पताल में महिला का पोस्टमार्टम किया गया। घटना से परिजन सदमे में हैं और मौत की स्पष्ट वजह नहीं बता पा रहे हैं। पति शम्मूलाल ने भी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। मृतका के भाई ने बताया कि प्रमिला के चार बेटियां और एक बेटा है, जिनमें सबसे बड़ी बेटी लगभग 14 साल की है। भाई के अनुसार, पति गांव में खेती और मजदूरी करता है और अक्सर शराब पीकर झगड़ा करता था। आशंका है कि इसी पारिवारिक तनाव के चलते प्रमिला ने यह कदम उठाया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है। जांच डायरी बोरदेही थाने को भेज दी गई है, जहां पूरे मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। महिला ने किस प्रकार का जहर खाया था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## सांपना की नहरों से नहीं मिल रहा पानी

# नाराज किसानों ने दी चेतावनी फसल सूखी तो होगा बड़ा आंदोलन



**बैतूल।** सांपना जलाशय की नहरों से सिंचाई का पानी नहीं मिलने से किसान आक्रोशित हैं। शुक्रवार को बडोरा, भरकावाड़ी और भोगी टेढ़ा गांवों के किसानों ने जल संसाधन विभाग के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और जल्द पानी छोडऩे की मांग की। किसानों ने बताया कि सांपना जलाशय का पानी 25 फरवरी तक नहरों में छोडऩे का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 6 मार्च तक भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंचा है। किसानों का आरोप है कि विभाग पहले दिन से ही नहर में पानी का गेज बढ़ाने की मांग को टाल रहा है, जिससे उनकी फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसानों के अनुसार, फसल को 20 से 22 दिन के भीतर पानी मिलना आवश्यक होता है, लेकिन दूसरी नहर में पानी आए लगभग 40 दिन हो चुके हैं। समय पर सिंचाई न होने से फसल में दाना भरने में समस्या आ सकती है। किसानों ने आरोप लगाया कि विभाग ऊपरी नहरों में तो पानी ठीक से दे रहा है, लेकिन डी-वन और डी-टू नहरों में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जा रहा है।

## भाजपा ने शकुंतला फाटे के निधन पर जताया शोक



**बैतूल।** भाजपा पार्टी जिले के उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत के उपाध्यक्ष नरेश फाटे, पवन फाटे शिक्षक, रवि फाटे की माताजी श्रीमती शकुंतला फाटे के असामयिक निधन पर जिला भाजपा परिवार ने शोक संवेदनाए व्यक्त की है। वहीं फाटे परिवार को दुख की इस घड़ी में ईश्वर से दिवंगत की शांति की कामना परमपिता परमेश्वर से करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके, जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक महेन्द्रसिंह चौहान, चंद्रशेखर देशमुख, डा.योगेश पंडाग्रे, गंगा उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, जनपद अध्यक्ष ईमला बाई जावलकर, उपाध्यक्ष कृष्णा लोखंडे, मंडल अध्यक्ष नीतू पटेल सहित मंडल व जिले के समस्त पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता प्रमुख है।

# शिक्षक राजेश सूर्यवंशी हुए सेवानिवृत्त बडोरा में हुआ विदाई कार्यक्रम

## पुराने और दुर्लभ नोट और सिक्कों के कलेक्शन से मिली थी नई पहचान

### पेशे के साथ शौक को जिंदा रखकर जीते कई पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडोरा में पदस्थ शिक्षक राजेश सूर्यवंशी 30 साल की सेवा के बाद 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर एक विदाई कार्यक्रम का आयोजन बडोरा स्थिति लॉन में किया गया। अपने सेवाकाल के दौरान शिक्षक श्री सूर्यवंशी ने दो पीढ़ी पिता- पुत्र को अध्यापन कार्य कर लाभान्वित किया। उनका कार्यकाल काफी अच्छा रहा। शिक्षक राजेश सूर्यवंशी को पुराने और दुर्लभ नोट और सिक्को के कलेक्शन से मिली थी नई पहचान मिली। उन्होंने अपने फोटोग्राफी औऱ कलेक्शन के शौक को शिक्षकीय कार्य के साथ जिंदा रखा और कई पुरस्कार भी जीते। बडोरा में हुए कार्यक्रम में विद्यालय के पुराने विद्यार्थी, पालकगण, ग्रामवासी, बडोरा स्कूल एवं संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, मित्र शामिल हुए। सभी ने इस दौरान अपने अनुभव सुनाए और उनके कार्यालय की सराहना की। कार्यक्रम में मंच संचालन सूरज हारोडे और आभार हीरेन्द्र शुक्ला ने व्यक्त किया।

## 25 मीटर लंबी, लगभग 20 फीट ऊंची और 6 मीटर चौड़ी अस्थाई दीवार की खड़ी

# ताप्ती बैराज के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कर रोका 12 फीट पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**बैतूल।** खेड़ी ताप्ती बैराज की क्षतिग्रस्त हिस्से की वैकल्पिक मरम्मत कर नगरपालिका ने करीब संग्रहित 0.5 एमसीएम पानी को सुरक्षित किया गया है। यह पानी क्षतिग्रस्त हिस्से से बह जाता था, लेकिन भीषण गर्मी से पहले जल संकट की आशंका के बीच नगरपालिका ने क्षतिग्रस्त हिस्से से बहने वाले पानी को जुगाड़ तकनीक के सहारे रोक लिया गया है। जिससे आने वाले दो से ढाई माह तक शहर की जलापूर्ति सुचारू रहने की उम्मीद है। बता दे कि शहर की जनसंख्या के अनुरूप जलापूर्ति के लिए माचना एनीकट पर्याप्त साबित नहीं हो रहा था। ऐसे में नपा ने वैकल्पिक स्त्रोत के रूप में खेड़ी स्थित ताप्ती नदीं पर बैराज बनवाया था। यह बैराज करीब 7 करोड़ रुपये में बना था, लेकिन पहली बारिश में ही बैराज के एक ओर का हिस्सा बंड (तटबंध या किनारा) बह गया था। प्रारंभिक वर्षों में लाखों रुपए खर्च कर मरम्मत कराई गई थी, लेकिन ताप्ती नदी की बाढ़ में अस्थाई संरचनाएं बह गईं। जिसके कारण हर साल पारसडोह जलाशय से जब पानी छोड़ा जाता है तो क्षतिग्रस्त हिस्से से व्यर्थ बह जाता था और नगरपालिका को दोबारा पानी लेना पड़ता था, जिससे आर्थिक भार बढ़ता था।



### जुगाड़ के सहारे पानी रोकने में मिली सफलता

गर्मी के दिनों में शहरवासियों को पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, हालांकि नगर पालिका ने इस बार इसकी मरम्मत बांधों के विशेषज्ञ जल संसाधन विभाग से करवाने की पहल की थी, लेकिन विभाग ने इसकी मरम्मत करने से इंकार करते हुए आसपास नया बैराज बनाने की राय दी है। विभाग द्वारा इसकी डीपीआर भी बनाई जा रही है। हालांकि यह योजना अभी प्रारंभिक दौर में है और इसे मूर्त रूप लेने में लंबा समय लगेगा। ऐसे में इस गर्मी के लिए व्यवस्था करना जरूरी था। यही कारण है कि जल प्रदाय शाखा के प्रभारी एवं सब इंजीनियर धीरेन्द्र राठौर ने तात्कालिक व्यवस्था के तौर पर अपने स्तर पर ही यहां काम शुरू किया और जुगाड़ के सहारे ही पानी रोकने की कोशिश की, जिसमें सफलता भी मिली।

### 4 लाख खर्च कर रोक लिया 12 फीट पानी

बताया जा रहा है कि वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में बैराज की मरम्मत के लिए लगभग चार लाख रूपये खर्च किये गये है। इस राशि से चार डंपर बारीक डस्ट बुलाई। इसके अलावा 100 डंपर मुरम बुलाई गई। बोल्डर तो मजदूरों से वहीं से जमा करवा लिए गए। जेसीबी मशीन नगरपालिका की उपयोग की गई। इन सबके सहारे बैराज के क्षतिग्रस्त हिस्से को दुरूस्त करने के लिए यहां बंड बना दिया। यह बंड बन जाने से करीब 12 फीट तक पानी रूक रहा है। जिससे आने वाले दो से ढाई माह तक शहर की जलापूर्ति सुचारू रहने की उम्मीद है। श्री राठौर का कहना है कि यह अस्थाई समाधान है, इससे पानी की बर्बादी रोकी जा सकी है। यदि यह प्रयास नहीं किया जाता, तो घोघरी जलाशय से लिया गया पानी भी व्यर्थ बह सकता था। फिलहाल बैराज में संग्रहित पानी आगामी दो से ढाई महीनों तक शहर की जलापूर्ति बनाए रखने में सहायक रहेगा। शहरवासियों को गर्मी के दौरान राहत मिलेगी।

### फरवरी में ही लेना पड़ा पानी

फरवरी की शुरुआत में ही ताप्ती का वॉटर लेवल शून्य हो गया था। गंभीरता को देखते हुए नपा ने पहले बैराज के क्षतिग्रस्त हिस्से की अस्थाई मरम्मत शुरू कराई और उसके बाद घोघरी जलाशय से नियंत्रित गति से पानी छोड़ा, ताकि एकदम दबाव न बने। नगरपालिका के अनुसार क्षतिग्रस्त हिस्से में 25 मीटर लंबी, लगभग 20 फीट ऊंची और 6 मीटर चौड़ी अस्थाई दीवार खड़ी की गई है। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 4 लाख रुपए का खर्च आया है। नगरपालिका के सब इंजीनियर धीरेंद्र राठौर ने बताया कि बैराज की कुल ऊंचाई करीब 21 फीट है, लेकिन अस्थाई मरम्मत की मजबूती को ध्यान में रखते हुए फिलहाल 12 फीट तक भरा है। यह बंड केवल काम चलाऊ व्यवस्था के तौर पर है। इससे पानी का ज्यादा प्रेशर या बाढ़ यह बिल्कुल नहीं झेल पाएगा।

### रोजाना 90 लाख लीटर पानी की सप्लाई

नगरपालिका के अनुसार शहर में रोजाना 90 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जाती है। इसके लिए शहर भर में 9 टंकियां हैं। नगर पालिका का पाइप लाइन का नेटवर्क करीब 200 किलोमीटर लंबाई का है। पेयजल के लिए नगरपालिका द्वारा 17400 नल कनेक्शन दिए गए है। ताप्ती बैराज के अलावा नगरपालिका बैतूल के विवेकानंद वार्ड में स्थित माचना एनीकट से भी पानी लेती है। हालांकि यहां का पानी आपात स्थिति में उपयोग करने के लिए रिजर्व रखा जाता है। श्री राठौर ने बताया कि ताप्ती बैराज में रोका गया पानी अप्रैल महीने के आखिर तक चल सकेगा। नगर पालिका घोघरी डैम में शहर के लिए एक एमसीएम पानी पेयजल के लिए रिजर्व रखवाती है। जहां से अभी कुछ मात्रा में पानी लिया गया है।

### अस्थाई मरम्त कराई है

ताप्ती बैराज में पानी को रोकने क्षतिग्रस्त हिस्से की अस्थाई मरम्मत कराई है। चूंकि मरम्मत किए हिस्से की दीवार पर ज्यादा दबाव न पड़े, इसलिए बैराज को 12 फीट तक ही भरा है। यह पानी दो माह तक सप्लाई में उपयोग किया जा सकेगा।

**धीरेंद्र राठौर**, जल शाखा प्रभारी एवं सब इंजीनियर नगरपालिका बैतूल।

## खबर संक्षेप



### प्रधान डाकघर ने की पार्सल पिकअप व बुकिंग की सुविधा प्रारंभ

**सीहोर।** नागरिकगणों की सुविधा को और सुलभ बनाने के लिये सीहोर प्रधान डाकघर में पार्सल पिकअप और बुकिंग सेवा प्रारम्भ की गई है। जिसका सीधा लाभ सीहोर शहर के आम जनों को होगा जो भारी मात्रा में पार्सल बाहर भेजते हैं । इस अवसर पर सीहोर प्रधान डाकघर स्तर पर पार्सल कस्टमर / बीएनपीएल कस्टमर और प्रधान डाकघर स्टाफ की मीटिंग ली गई। पोस्टमैन स्टाफ को अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले पार्सल कस्टमर से व्यवसाय प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नये ग्राहक नूरी क्रिएशन इंग्लिशपुरा सीहोर से 15 पार्सल एमइ द्वारा उनके संस्थान से प्राप्त किये गये। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर एम एल मालवीय सहायक अधीक्षक डाकघर अश्वनी कुमार देशराज तथा पोस्टमास्टर सीहोर आनंद अग्रवाल उपस्थित रहे।

### राजस्व मंत्री ने बिलकिसगंज में पौधरोपण किया



**सीहोर।** राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने बिलकिसगंज के शासकीय सांदीपनी स्कूल में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बिलकिसगंज एवं झागरिया के ग्रामवासियों से भेंट की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मंत्री श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। यदि किसी भी स्तर पर समस्या आती है, तो उसका तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सेवाएं सदैव सक्रिय, सरल और लोगों के लिए सुलभ रहनी चाहिए। सरकार का उद्देश्य है कि आमजन को समय पर राहत और सुविधाएं मिलें, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### आज 161 ग्रामों में जल प्रदाय रहेगा बाधित

**सीहोर।** बुधनी एवं भैरूंदा तहसील के अंतर्गत संचालित मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना की जल प्रदाय प्रणाली में आवश्यक मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इस कारण 7 मार्च को योजना के सभी 161 ग्रामों में जल प्रदाय बाधित रहेगा।

## सूचना के बाद भी नहीं पहुंचा पंचायत का टैंकर, प्रशासनिक तैयारियों की खुली पोल

# गर्मी की दस्तक के साथ आग का कहर, तीन एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हुई

आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

गर्मी की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ने लगा है। तहसील भैरूंदा के ग्राम टीकामोड़ में बुधवार दोपहर एक भीषण आगजनी की घटना में किसान की करीब तीन एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में किसान की चार माह की मेहनत धुएं में तब्दील हो गई। इस घटना ने प्रशासन की तैयारियों और दावों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि सूचना देने के बाद भी ग्राम पंचायत का टैंकर समय पर मौके पर नहीं पहुंच सका।

जानकारी के अनुसार ग्राम टीकामोड़ निवासी किसान राजेश (राजू) मीणा के खेत में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। उस समय खेत में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार थी और कटाई का समय भी नजदीक था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक खेत के एक हिस्से से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और कुछ ही देर में करीब तीन एकड़ क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल उसकी चपेट में आ गई।

आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने तत्काल लाड़कुई पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल को बुलाया गया। कुछ समय बाद दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक किसान की पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी और खेत में केवल राख ही बची थी।

घटना के बाद किसान राजेश मीणा ने बताया कि उन्होंने अपनी लगभग तीन एकड़ जमीन में गेहूं की फसल बोई थी और फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी। कुछ ही दिनों में कटाई शुरू होने वाली थी, लेकिन अचानक लगी आग ने चार महीने की मेहनत पर पानी फेर दिया। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। इधर इस घटना ने ग्राम पंचायत की की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी अनुसार अगर पंचायत का टैंकर समय पर पहुंच जाता तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। जानकारी के मुताबिक आग लगने की सूचना पंचायत को दे दी गई थी, लेकिन टैंकर समय पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। हालांकि बाद में एक किसान के ट्रैक्टर से टैंकर को लाकर पानी पहुंचाया गया, लेकिन तब तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी।

ग्रामीणों का कहना है कि उस समय हवा का रुख शांत हो गया, जिससे आग आगे नहीं बढ़ सकी। अगर हवा तेज होती तो आसपास के खेतों में खड़ी सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था।

ग्राम पंचायत टीकामोड़ के सरपंच दीपक मीणा ने बताया कि किसान राजू मीणा के खेत में करीब तीन एकड़ की गेहूं की फसल आग से जलकर नष्ट हो गई है। पंचायत के पास पानी का टैंकर तो उपलब्ध है, लेकिन उसे खींचने के लिए ट्रैक्टर वाहन नहीं होने के कारण समय पर मौके पर नहीं पहुंचाया जा सका। उस समय किसानों के ट्रैक्टर खेतों में कृषि कार्य में लगे हुए थे, जिसके कारण तुरंत वाहन उपलब्ध नहीं हो पाया।

उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन खेतों के बीच से गुजर रहे बिजली के तारों में स्पार्किंग से शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। वहीं जनपद पंचायत भैरूंदा के सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी ग्राम पंचायतों को पहले ही आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। पंचायतों को टैंकरों में पानी भरकर रखने और इंजनों में पर्याप्त डीजल रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि तहसील भैरूंदा की करीब 101 ग्राम पंचायतों में से लगभग 60 पंचायतों के पास इंजन युक्त टैंकर उपलब्ध हैं। आगजनी की बड़ी घटनाओं में तहसील मुख्यालय से दमकल भी भेजी जाती है, लेकिन कई बार दूरी और समय के अभाव में फसल को बचाना कठिन हो जाता है। उधर नगर परिषद भैरूंदा के सीएमओ रामप्रसाद भावरे ने बताया कि नगर परिषद के पास फिलहाल केवल दो दमकल मशीनें ही उपलब्ध हैं। ऐसे में अगर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आगजनी की घटनाएं होती हैं तो स्थिति संभालना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आवश्यकता पड़ने पर रेहटी और इछावर से भी दमकल मशीनें बुलानी पड़ती हैं।



गौरतलब है कि क्षेत्र में इससे पहले भी कई बार आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। बीते वर्ष नगर में हुई एक बड़ी आगजनी ने पूरे इलाके को दहला दिया था। वहीं मंडी अतरालिया क्षेत्र में भी करीब 40 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल आग की भेंट चढ़ गई थी। उस समय भी दमकल संसाधनों और अग्निशमन व्यवस्था की कमी को लेकर सवाल उठे थे।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर आगजनी से निपटने के लिए पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पंचायतों को टैंकरों में पानी भरकर रखने और इंजनों में पर्याप्त डीजल रखने को कहा गया है, ताकि शुरुआती स्तर पर आग पर काबू पाया जा सके। उन्होंने बताया कि ग्राम टीकामोड़ की घटना में हुए नुकसान का तहसीलदार द्वारा सर्वे कराया जाएगा और नियमानुसार किसान को मुआवजा दिया जाएगा।

## रंगों में डूबा भैरुंदाः अबीर-गुलाल से सराबोर हुआ तहसील क्षेत्र, पुलिस की मुस्तैदी में होली शांतिपूर्ण संपन्न हुई

### ड्यूटी के बाद थाना परिसर में भी झूमे पुलिसकर्मी, रंग-गुलाल लगाकर दी एक-दूसरे को शुभकामनाएं

**भैरुंदा।** रंगों का पर्व होली इस वर्ष भैरूंदा नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में उल्लास, उत्साह और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही नगर की गलियों, चौक-चौराहों और ग्रामीण अंचलों में अबीर-गुलाल उड़ता नजर आया। ढोल-नगाड़ों की थाप, फाग गीतों की गूंज और रंगों की फुहारों के बीच लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

सुबह होते ही बच्चों और युवाओं की टोलियां रंग-गुलाल और पिचकारी लेकर सड़कों पर निकल पड़ीं। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाते रहे और पारंपरिक मिठाइयों के साथ बधाइयों का दौर चलता रहा। घर-घर में गुझिया, मालपुआ और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए गए। वहीं महिलाओं ने फाग गीत गाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। दोपहर बाद लोगों का एक-दूसरे के घर आना-जाना शुरू हुआ और देर शाम तक होली की शुभकामनाओं का सिलसिला चलता रहा। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भी युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर डीजे की धुनों पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया और रंगों की मस्ती में झूमते नजर आए। तहसीलभर में हर उम्र के लोग अबीर-गुलाल में सराबोर दिखाई दिए। लोगों ने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। होली के इस अवसर पर सामाजिक संवेदनाओं की झलक भी देखने को मिली। कई स्थानों पर लोग उन घरों में भी पहुंचे जहां हाल ही में शोक हुआ था। परंपरा के अनुसार परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए गुलाल लगाया गया और दुख-सुख में साथ रहने का संदेश दिया गया। यह परंपरा दर्शाती है कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी संवेदना और सामाजिक एकता का भी पर्व है। इधर नगर के कुछ स्थानों पर युवाओं ने पारंपरिक अंदाज से हटकर "कपड़ा फाड़ होली" भी खेली। हालांकि यह मस्ती सीमित स्थानों तक ही रही और कहीं भी किसी प्रकार की बड़ी अव्यवस्था सामने नहीं आई। होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा और दिनभर गश्त जारी रही। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने लगातार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, वहीं थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी सहित पुलिस अधिकारी विभिन्न स्थानों पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए रहे। पुलिस की सतर्कता और नागरिकों के सहयोग से पूरे तहसील क्षेत्र में कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।






### थाना परिसर में पुलिस ने खेली होली

ड्यूटी की जिम्मेदारियां निभाने के बाद गुरुवार को भैरूंदा थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने भी उत्साह के साथ होली मनाई। साउंड सिस्टम की धुनों पर पुलिस अधिकारी और जवान रंग-गुलाल उड़ाते हुए झूमते नजर आए। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी, एसआई लोकेश सोलंकी, एसआई पूजा राजपूत सहित थाना परिसर के समस्त पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं गोपालपुर थाने में भी पुलिसकर्मियों ने रंग-गुलाल के साथ होली का उत्सव मनाया। पुलिस की मुस्तैदी और नागरिकों के सहयोग से भैरूंदा में होली का पर्व हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## 'मामा कोचिंग क्लासेस' शुरू, गरीब प्रतिभाओं को घर के पास मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर भैरूंदा क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण जनसेवा पहल की शुरुआत की गई। आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंदौर या भोपाल जैसे बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। क्षेत्र में निःशुल्क 'मामा कोचिंग क्लासेस' का शुभारंभ किया गया है, जहां युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

भैरूंदा के कृषक संगोष्ठी भवन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन कर कोचिंग क्लासेस का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का माहौल उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि मामा कोचिंग क्लासेस सेवा और सहयोग का एक महत्वपूर्ण संकल्प है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करना है, जो आर्थिक तंगी के कारण बड़े शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि विदिशा संसदीय क्षेत्र के युवाओं को अब अपने ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकेंगे।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के जीवन दर्शन और उनके संकल्पों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि शिवराज सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन को उत्सव के बजाय संकल्प दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की है। इसी भावना के तहत इस बार भी पुष्पगुच्छ भेंट करने के स्थान पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि मामा कोचिंग क्लासेस उनके पिता शिवराज सिंह चौहान की ओर से क्षेत्र के भांजे-भांजियों के लिए एक विशेष उपहार है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन कई बार संसाधनों के अभाव में विद्यार्थी अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते। इस पहल का उद्देश्य ऐसे युवाओं को अवसर प्रदान करना है, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें और अपने भविष्य को नई दिशा दे सकें। कार्तिकेय सिंह चौहान ने बताया कि कोचिंग क्लासेस के पहले चरण में 100 विद्यार्थियों के एक बैच का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी, जिसमें लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के आधार पर मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।



चयनित विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC), कर्मचारी चयन मंडल (ESB), SSC, बैंकिंग तथा अन्य राज्य और केंद्र स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की सघन और गुणवत्तापूर्ण तैयारी निःशुल्क कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल युवाओं को परीक्षा पास कराना नहीं है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है ताकि वे देश और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि कोचिंग के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं, वहीं QR कोड के माध्यम से भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए मोबाइल क्लीनिक शुरू करने की घोषणा भी की गई। विधायक रमाकांत भार्गव ने बताया कि संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक चलित क्लीनिक शुरू करने की योजना बनाई गई है। इन मोबाइल क्लीनिकों में डॉक्टर, कंपाउंडर और अन्य चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहेगा तथा आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था भी की जाएगी।

मोबाइल क्लीनिक गांव-गांव पहुंचकर सामान्य बीमारियों की जांच और उपचार के साथ-साथ ईसीजी और रक्त परीक्षण जैसी प्रारंभिक जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराएंगे। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी लोगों को शहरों तक जाना पड़ता है, ऐसे में यह पहल ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। ये योजना सांसद मद से मिलेंगी।

### प्रकाशन पर खेद

दिनांक 11, 13, 16 जुलाई एवं 1 अगस्त 2025 के संस्करण में मरीज नीरज राजपूत के इलाज के संदर्भ में हरिभूमि ने दयाल अस्पताल इटारसी के संबंध में पीड़ित पक्ष के द्वारा दिए गए तथ्य, बयान एवं पत्रों के आधार पर समाचार प्रकाशित किए थे। हरिभूमि समाचार पत्र किसी भी व्यक्ति अथवा संस्थान की छवि खराब करने के लिए पूर्वाग्रह से कोई समाचार का प्रकाशन नहीं करता है। फिर भी दयाल अस्पताल एवं संस्थान से जुड़े सभी स्टाफ एवं सहयोगियों को इन समाचारों के प्रकाशन से मानसिक पीड़ा पहुंची है तो संस्थान दयाल अस्पताल की खबरों के प्रकाशन पर खेद व्यक्त करता है।

## वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

# छात्र-छात्राओं ने 400 यूनिट रक्तदान कर समाज सेवा की प्रस्तुत की उत्कृष्ट मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 5 मार्च 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर विश्वविद्यालय की सहायक उपाध्यक्ष कादंबरी एस. विश्वनाथन के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सतीश कुमार मोध, उपकुलपति डॉ. टी. बी. श्रीधरन, कुलसचिव के.के. नायर, डीन फैकल्टी अफेयर्स डॉ. देबाशीष अधिकारी, हमीदिया अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनुराग गुप्ता तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद भट्ट द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। यह रक्तदान शिविर हमीदिया अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रक्त संग्रह की समस्त प्रक्रियाओं को अत्यंत सावधानी के साथ संपन्न किया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई और चिकित्सा अधिकारियों की सहायता करते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर में विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 400 यूनिट रक्तदान कर समाज सेवा की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की। रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हमीदिया अस्पताल के सहयोग से आयोजित यह रक्तदान शिविर विश्वविद्यालय की सामाजिक प्रतिबद्धता और सामुदायिक सेवा के प्रति उसके समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस इकाई के समर्पित स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्हें डॉ. विनोद भट्ट का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



## खबर संक्षेप

### गोराखाल में स्क्रीनिंग शिविर 9 को

**रहटगांव।** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित सभी पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत सभी पात्र हितग्राहियों की पेंशन फार्म तैयार कर पेंशन स्वीकृत करने एवं उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु जिले में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि शिविरों में सामाजिक न्याय विभाग, स्वास्थ विभाग, शिक्षा विभाग, एवं महिला बाल विकास, सभी जनपदों व नगरीय निकायों को शत प्रतिशत स्क्रीनिंग हेतु जिम्मेदारी दी गई है। उप संचालक शसिंह ने बताया कि शासन द्वारा जिले में निर्धारित दिनांक एवं स्थान तय किए गए है, जिसकी जिम्मेदारी सर्व संबंधित विभागों को सौपी गई है। उन्होने बताया कि 9 मार्च को ग्राम पंचायत गोराखाल में प्रातः 11 बजे से शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 11 मार्च को ग्राम पंचायत चारूवा तथा 13 मार्च को ग्राम पंचायत सोडलपुर में स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### बेटियां और महिलाएं दिखाएंगी अपना दम

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च को सुबह 10 बजे सीहोर के चर्च ग्राउंड पर माय भारत सीहोर एवं खेल विभाग द्वारा भारत सरकार की 'अस्मिता' पहल के अंतर्गत खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 08 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियां, टग ऑफ वार (रस्साकशी) आदि शामिल हैं।

### निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

सीहोर। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा।

### गेहूं उपार्जनः किसान पंजीयन 7 मार्च तक

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च है। खाद्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन केंद्र खुले रहेंगे।

## स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था सुधार पर कलेक्टर का कड़ा रूख

# रोलगांव के जनशिक्षक व प्रधानपाठक का एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के मैदानी क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं अन्य संस्थाओं की गतिविधियों के सुचारू संचालन के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा है कि मैदानी क्षेत्रों में पदस्थ अमला अपने दायित्व मुस्तैदी से निभाए, लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान रोलगांव की प्राथमिक शाला में शैक्षणिक व्यवस्था काफी असंतोषजनक पाये जाने एवं शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक कार्य में रूचि नहीं देखी जाने पर कलेक्टर ने स्कूल से संबंधित जनशिक्षक एवं स्कूल के प्रधान अध्यापक का एक-एक सप्ताह का वेतन काटने के निर्देश दिये। साथ ही उक्त दोनों कर्मचारियों से इस लापरवाही का जवाब भी मांगा जाएगा। आंगनवाड़ी केन्द्रों के भ्रमण के दौरान उन्होने आंगनवाड़ियों में उचित प्रकाश व्यवस्था एवं अनमोल एप पर एन्ट्री नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिये उचित प्रकाश व्यवस्था रहे। अनमोल एप पर आवश्यक जानकारी दर्ज करने के लिये कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाए। कलेक्टर के ग्राम कनारदा, मोहनपुरा, महेन्द्रगांव, सिराली, डगावाशंकर एवं रोलगांव के भ्रमण के दौरान इन ग्रामों में संचालित विभिन्न विभागों के कार्यालयों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। ग्राम मोहनपुरा में उन्होने आरोग्य केन्द्र, आंगनवाड़ी एवं मिडिल स्कूल का निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाएं देखी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ग्राम कनारदा के भ्रमण के दौरान उन्होने आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पहुँचकर वहां मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही शतप्रतिशत पात्र बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के निर्देश दिये। यहां उन्होने मिडिल स्कूल का भी निरीक्षण किया। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गोपाल राधेश्याम के खेत में निर्मित तालाब का अवलोकन किया। ग्राम मोहनपुरा में आरोग्य केन्द्र, आंगनबाड़ी एवं मिडिल स्कूल की व्यवस्थाएं देखीं। महेन्द्रगांव में आरोग्य केन्द्र तथा आंगनवाड़ी का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने पर तत्काल प्रकाश व्यवस्था करवाने के निर्देश दिये। यहां शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास भवन में आवश्यक प्रकाश व्यवस्था एवं मरम्मत करवाने के निर्देश दिये गये। किराये के भवन में संचालित छात्रावास के भवन की उपयुक्तता की जांच करने के भी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी को निर्देश दिये गये। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराली में परीक्षा परिणामों की स्थिति की जानकारी ली गई। वहीं आदिवासी कन्या छात्रावास एवं आदिवासी बालक छात्रावास का निरीक्षण कर वहां निवासरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक व्यवस्था एवं रहने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। साथ ही छात्रावासों के विद्यार्थियों के लिये कोडिंग का पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराली के निरीक्षण के दौरान यहां एचपीवी वैक्सीन लगवाने आई छात्राओं से चर्चा की एवं उनको वैक्सीन लगवाने का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण भी किया। ग्राम डगांवाशंकर में संचालित गौशाला का निरीक्षण कर किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की। साथ ही कहा कि उनके पास अतिशेष भूसा गौशाला में उपलब्ध कराएं। यहां आंगनवाड़ी एवं माध्यमिक शाला का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया।

### हाइपर टेंशन पीड़ित गर्भवती के स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जाए

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सभी कम्यूनिटी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये कि हाइपर टेंशन से पीड़ति गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की निरन्तर जांच की जाए एवं उनके स्वास्थ्य पर सतत निगरानी रखी जाए। ऐसी महिलाओं को उचित सलाह दी जाए तथा उपचार भी दिया जाए।

### एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं, इससे कोई नुकसान नहीं

कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को समझाईश दी कि सर्वाईकल कैंसर से बचाव के लिये 14 वर्ष की बालिकाओं के लिये लगाए जा रहे एचपीवी वैक्सीन से कोई नुकसान नहीं है अपितु यह वैक्सीन भविष्य में सर्वाईकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा देता है। उन्होने कहा कि इस वैक्सीन के संबंध में कोई भ्रम न पालें एवं 14 वर्ष की बालिकाओं को यह वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

## नार्मदीय ब्राह्मण समाज की पहल

# युवा संगठन ने पक्षियों के लिए सकोरे लगाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नार्मदीय ब्राह्मण समाज युवा संगठन द्वारा बढ़ते तापमान को देखते हुए पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए लोगों को प्रेरित किया है।वहीं युवा संगठन ने पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेड़ो पर सकोरे लगाए है। संगठन से जुड़ी मेघा पारे ने बताया कि संगठन ने गुरुवार एवं शुक्रवार को दो दिन अभियान चलाकर पेड़ो पर सकोरे लगाए।पहले दिन गुरुवार को जिला कोर्ट परिसर में पेड़ो पर सकोरे लगाए,इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र रघुवंशी, न्यायधीश चंद्रशेखर राठौर, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ दुबे,नार्मदीय ब्राह्मण समाज अध्यक्ष अशोक पाराशर,महिला अध्यक्ष किरण काशिव सहित अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। शुक्रवार को जिला चिकित्सालय परिसर में सकोरे लगाए गए। संगठन के आशीष बिल्लौरे ने बताया कि दो दिवसीय अभियान में संगठन ने 40 सकोरे पेड़ो पर लगाए है,वहीं जिला चिकित्सालय के कर्मचारियों द्वारा उनमें पानी भरने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान मधुकर बिल्लौरे, एलके पारे, राजेश बिल्लौरे, समीर साकल्ले, बीएम पाराशर, ऋषि पारे, प्रेमेंद्र साकल्ले, आशीष साकल्ले, मनीष शकरगाए, आशीष बिल्लौरे, अजय पारे, शुभम गार्गव, स्नेहलता बिल्लौरे, जया साकल्ले, श्रद्धा पारे, आरती खले, श्रेया शुक्ला, कनक गुहा श्रीसूक्ति पारे, आरुषि, मानविक पारे सहित युवा संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# क्षत्रिय मराठा समाज ने शौर्य यात्रा निकाली 'जय भवानी जय शिवाजी' से शहर गूंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर क्षत्रिय मराठा समाज ने एक शौर्य यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान शहर 'जय भवानी जय शिवाजी' के नारों से गूंज उठा। यह शौर्य यात्रा श्री मल्हार मार्तण्ड मंदिर से शुरू हुई। इसमें समाज के एक युवा को शिवाजी की वेशभूषा में घोड़े पर बैठाया गया था। यात्रा गणेश मंदिर चौक से चांडक चौराहा होते हुए घंटाघर चौक तक पहुंची और फिर बड़ा मंदिर होते हुए मल्हार मंदिर लौट आई। महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में यात्रा में शामिल हुए।

इस अवसर पर समाज के नेताओं ने सरकार से दो प्रमुख मांगें कीं। समाज के नेता ज्ञानेश काले मराठा, अनिल मराठा और लोकेश राव मराठा ने मांग की कि हर साल 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर शासकीय अवकाश घोषित किया जाए। इसके अतिरिक्त, समाज के लोगों ने स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका परिषद से शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हरदा में अन्य महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित हैं, लेकिन शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित करने के लिए स्थान नहीं दिया जा रहा है।

# जिला चिकित्सालय में अब कान संबंधी ऑपरेशन की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा जिला चिकित्सालय में अब कान संबंधी ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। श्रवण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत यह घोषणा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (उटलड) डॉ. एच.पी. सिंह ने शुक्रवार को विश्व श्रवण दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर की। डॉ. सिंह ने बताया कि सुनने की क्षमता के महत्व और कानों की उचित देखभाल के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रयासों का लक्ष्य श्रवण संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करना है। शिविर में राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सतीजा ने आए हुए लोगों की जांच की। सीनियर ऑडियोलॉजिस्ट प्रेम नारायण जाट और नीरज मालवीय ने चिन्हित मरीजों की ऑडियोमेट्री व अन्य आवश्यक जांचें कीं। डीडीआरसी के अशोक बारवाल ने चिन्हित मरीजों को कान की मशीन (हियरिंग एड) प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की। इससे पहले, जिला चिकित्सालय के स्टाफ और नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली को सीएमएचओ डॉ. एच.पी. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसका उद्देश्य जनमानस को श्रवण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर, डॉ. गंभीर पटेल, डॉ. मोनू चौरे, मेटर्न गीता वर्मा, मीडिया अधिकारी आई. तिग्गा, डीईआईएम आशीष साकल्ले, मनोविज्ञानी गीतांजलि परमार और उमंग काउंसलर पारुल काशिव सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वृद्धजनों के कानों की जांच की



गुरूवार को स्थानीय वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों की श्रवण क्षमता की जॉच की गई। इस दौरान नाक कान गला विशेषज्ञ डॉ. राजेश सतीजा ने वृद्धजनों की जॉच की। जॉच में चार बुजुर्गों को आगे की जॉच के लिए जिला चिकित्सालय बुलाया गया है। दो बुजुर्गों की कान में छेद है, जिनके लिए चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा सभी वृद्धजनों को कान की देखभाल की जानकारी भी दी गई। डीईआईएम आशीष साकल्ले ने बताया कि शिविर के दौरान सामाजिक न्याय विभाग के प्रेमनारायण जाट एवं अशोक पोरवाल द्वारा वृद्धजनों के प्रमाण पत्र बनाने की कार्यवाही की गई। बुजुर्गा की जॉच में नीरज मालवीय ऑडियोलॉजिस्ट डीईआईसी एवं भागवत सिंह राजपूत ने सहयोग प्रदान किया। उन्होने बताया कि विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर जनजागरूकता के लिए 6 मार्च को रैली का आयोजन किया जावेगा साथ ही जिला चिकित्सालय हरदा में श्रवण जॉच शिविर का आयोजन भी किया जावेगा।

# सामूहिक विवाह समारोह समिति अध्यक्ष का मनोनयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मध्यक्षेत्र बिश्नोई सभा नीमगांव की बैठक शुक्रवार को हरदा के नीमगांव मंदिर में सभा अध्यक्ष आत्माराम पटेल की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सामूहिक विवाह समारोह 2026 के आयोजन और समिति अध्यक्ष के मनोनयन सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

युवा समाजसेवी सुहागमल पंवार ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सामूहिक विवाह समारोह 2026 पूर्व निर्धारित समय पर ही आयोजित होगा। इसमें किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसके तहत, 28 मार्च को गणेश पूजन और 30 मार्च को विवाह समारोह होगा। बैठक में सामूहिक विवाह में शामिल होने के लिए 16 जोड़ों की स्वीकृति मिली। आगामी 20 मार्च तक सामूहिक विवाह के लिए वर-वधू (जोड़ों) के नाम स्वीकार किए जाएंगे। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सर्वसम्मति से अजय (राजा) खोड को सामूहिक विवाह समिति नीमगांव का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इसी बैठक में कनिका बिश्नोई का सम्मान भी किया गया। कनिका ग्राम नीमगांव के सरपंच ब्रजमोहन बिश्नोई की बेटी हैं, जिन्होंने अपने पहले ही प्रयास में सी.ए. की उपाधि प्राप्त कर समाज का नाम रोशन किया है। बैठक में सभा के अध्यक्ष आत्माराम पटेल, कोषाध्यक्ष श्यामलाल बाबल, सचिव बलराम झुरिया, अजय खोड, लक्ष्मीनारायण पंवार, नीमगांव सरपंच ब्रजमोहन गीला, सत्यनारायण लोल, परमानंद गीला, नानकराम बेनीवाल, श्रीनारायण पंवार, सहसचिव वीरेंद्र भादू, प्रवीण खोड, उमेश पटेल, ब्रजेश झुरिया, युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष लोकेश पंवार सहित मध्यक्षेत्र बिश्नोई सभा के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं समाजजन उपस्थित रहे।

# युवक का 2 साल पहले गिरा था मोबाइल पुलिस ने लौटाया, 98 मोबाइल लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

साइबर पुलिस ने जिले के लोगों के गुम हुए 98 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की है। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपए है। इन्हें आज पुलिस अधीक्षक शशांक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा और एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया ने उनके मालिकों को लौटाया। इन मोबाइलों के गुम होने की रिपोर्ट आवेदकों ने पिछले कुछ समय में संबंधित थानों में दर्ज कराई थी। मोबाइल वापस मिलने पर आवेदक एसपी कार्यालय में उपस्थित हुए थे, जहां उन्हें सूचना देकर बुलाया गया था। मोबाइल खोजने में साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसपी शशांक ने बताया कि साइबर सेल प्रभारी आरएस तिवारी, सूबेदार उमेश ठाकुर, आरक्षक कमलेश सिंह परिहार, मनोज दोहरे और लोकेश सातपुरे की कड़ी मेहनत से सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी सहायता का उपयोग कर इन मोबाइलों को जिले के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी बरामद किया गया। गौरतलब है कि साइबर सेल ने पिछले वर्षों में कुल 500 से अधिक गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए हैं, जिनकी कुल कीमत 75 लाख रुपए से अधिक है। ग्राम रुपी परेटिया के निवासी पीयूष गौर ने बताया कि लगभग दो साल पहले इंदौर से हरदा आते समय बस में उनका 19,000 रुपए का मोबाइल गुम हो गया था। यह मोबाइल उन्हें आज वापस मिला। इसी प्रकार, हरदा के विश्वजीत मौर्य का मोबाइल खातेगांव के पास गिर गया था, जो उन्हें दो साल बाद सुरक्षित मिला है। वहीं, ग्राम धौलपुर के एक युवक का 31,000 रुपए का मोबाइल गुम हो गया था, जिसके बाद वह पुराना मोबाइल उपयोग कर रहा था। यह मोबाइल भी पुलिस ने आज उसे लौटाया। एसपी ऑफिस में पदस्थ महिला आरक्षक स्नेहा सराठे का मोबाइल मई 2025 में हरदा के मिडिल स्कूल ग्राउंड पर लगे मेले में गुम हुआ था। उन्हें यह मोबाइल 9 महीने बाद वापस मिला, जिसके लिए उन्होंने साइबर टीम का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस की सक्रियता से चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सोमवार को फरियादी वैभव पात्रीकर पिता प्रदीप पात्रीकर निवासीहाल चौपाटी आष्टा द्वारा थाना सिद्दीकगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह प्राइवेट कंपनी में काम करता है उसकी कंपनी द्वारा झारखेड़ी रोड में पाइप का गोडाउन है। उक्त गोदाम से रात्री में लगभग 210 नग डीआई पाइप कीमत करीब 18 लाख अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए हैं। उक्त रिपोर्ट पर एनएस कायम किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत के निर्देश एवं एसडीओपी दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना सिद्दीकगंज पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दो संदेहियों को रामपुरा बढ़ कन्नौद रोड से पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किए जो अपने अपने नाम आस मोहम्मद पिता इस्लाम खान, उम्र 46 वर्ष, निवासी बुबलेडी, थाना पिनहुआ, जिला नूंह हरियाणा, ताहीर पिता सुमेर खान, उम्र 45 वर्ष, निवासी बुबलेडी, थाना पिनहुआ, जिला नूंह हरियाणा होना बताया। कब्जे से चोरी गए पाइप और कंटेनर सहित कुल कीमती लगभग 38 लाख का जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गिरीश दुबे थाना आष्टा, निरीक्षक राजू सिंह बघेल, उनि सूरज परिहार, सउनि अशोक दुबे, आरक्षक काव सिंह रावत, सुरेन्द्र राणा, जीवन जामले, हरिश डोडियार, आरक्षक राजेश राजपूत एवं सैनिक महेश वर्मा का योगदान रहा।

# आग बुझाने व पानी पिलाने के लिए विधायक ने फाइटर टैंकर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




गर्मी के दिनों में क्षेत्र में होने वाली आगजनी की घटनाओं के रोकथाम और सार्वजनिक कार्यक्रमों में नागरिकों को पानी उपलब्ध कराने के लिए विधायक सुदेश राय ने ग्राम पंचायत हिनौती को फाइटर पानी का टैंकर प्रदान किया।

विधायक कार्यालय में ग्राम पंचायत के लिए फाइटर पानी का टैंकर प्राप्त करने पहुंचे सरपंच रघुनाथ सिंह दांगी और पंचो सहित ग्रामीणों ने विधायक सुदेश राय का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत कर ग्राम पंचायत को फाइटर टैंकर उपलब्ध कराने पर आभार व्यक्त किया। इस शुभ अवसर पर विधायक सुदेश राय ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर,सांसद आलोक शर्मा ग्रामीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। ग्राम वासियों को सभी प्रकार की सुविधा भाजपा सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्राम पंचायत हिनौती के लिए फाइटर पानी टैंकर उपयोगी सिद्ध होगा। फसल के साथ घर मकान दुकानों में लगने वाली आग को बुझाने सहित ग्राम पंचायत क्षेत्र में होने वाले सामाजिक धार्मिक राजनीतिक कार्यक्रमों में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी पीने का पानी उपलब्ध कराने में भी फाइटर पानी का टैंकर काम आएगा। टैंकर में पानी सप्लाई के लिए मोटर भी लगी हुई है जिससे कि किसी प्रकार की कोई भी परेशानी ग्राम पंचायत को नहीं होगी।